लखपति से 'करोड़पति महिला' बनाने का प्रयास करें : स्मृति

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : डायरेक्ट सेलिंग से जुड़ी संस्था एसोसिएशन ऑफ डायरेक्ट सेलिंग एन्टिटीज ऑफ इंडिया (एडीएसईआई) और कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर दिल्ली के इंदिरा गांधी एरिना में 'विराट महिला उद्यमी सम्मेलन' का आयोजन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और पीयूष गोयल ने शिरकत की। इस मौके पर देश के विभिन्न राज्यों से आई और डायरेक्ट सेलिंग से जुड़ी करीब 20 हजार से भी ज्यादा महिलाओं को संबोधित करते हुए एडीएसईआई के अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने इस क्षेत्र की समस्याओं एवं चुनौतियों को समझा और फिर डायरेक्ट सेलिंग को चिट फंड से अलग करते हुए उत्पाद आधारित क्षेत्र के तहत लाया गया। हम प्रधानमंत्री मोदी का आभार करना चाहते थे इसलिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया और क्योंकि डायरेक्ट सेलिंग से ज्यादातर महिलाएं जुड़ी हुई हैं ऐसे में इसके लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन का चयन किया गया।' वहीं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि डायरेक्ट सेलिंग की सालाना टर्नओवर 25 करोड़ की है जिससे लगभग दो करोड़ महिलाएं जुड़ी हुई हैं, यह वह ताकत है जिस पर किसी की नजर ही नहीं पड़ी।